CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हि०
२१६८

[illegible]

[illegible]

ଭାଗ - ୧

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भुवन वाणी के अनुपम उपासक,
कर्मयोग के साकार स्वरूप

परम श्रद्धेय
पद्मश्री पं० नंदकुमारजी अवस्थी
को सादर –

[signature]
27. 4. 1987.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

राजस्थानी व्याकरण

भाग १

[जयपुर राज्य की बोलियों के व्याकरण]

मूल-लेखक

रैवरैंड जी० मैकालिस्टर

अनुवादक

डा० सत्यनारायण स्वामी, अेम. अे., पी. अेच. डी.

डा० लक्ष्मी कमल, अेम. अे., पी. अेच. डी.

प्रकाशक

राजस्थान भासा प्रचार सभा

जयपुर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

SPECIMENS

with

A DICTIONARY & A GRAMMAR

of the

Dialects

SPOKEN IN THE STATE OF JEYPORE

by

Rev. G. MACALIESTER
M. A.

1st. EDITION

1898

100 Copies

ALLAHABAD MISSION PRESS

राजस्थानी व्याकरण भाग १

(जयपुर राज्य में बोली जाने वाली बोलियों के
नमूने, कोष और व्याकरण)

मूल लेखक-रैव. जी. मैकालिस्टर एम. ए.

अनुवादक–डा० सत्यनारायण स्वामी
डा० लक्ष्मी कमल

मोल–पच्चीस रुपया

पहला संस्करण १९७६ ई०

प्रकाशक–राजस्थान भासा प्रचार सभा
डी-२८२, मीरांमार्ग, बनीपार्क, जयपुर-६

मुद्रक—श्री शंकर आर्ट प्रिण्टर तथा मनोरंजन प्रेस, जयपुर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रकाशकीय

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि समूचे भारत में ही भारतीय भाषाओं के अध्ययन का प्रारम्भ अधिकांशतः ईसाई पादरियों ने किया, भले ही उनकी नीयत कुछ भी रही हो। देशी बोलियों पर काम करने वाले शोध छात्रों और अन्य विद्वानों की खिल्ली उड़ाने वाले संस्कृतज्ञ और अन्य लोग अभी कुछ अर्से पहिले तक ऐसे कार्यों को हिकारत की नजर से देखते थे। ऐसी स्थिति में पादरियों ने बोलियों के जो व्याकरण प्रस्तुत किए और नमूने एकत्रित किए, वह कार्य निस्संदेह सराहनीय कहा जाना चाहिए।

जयपुर के ही एक पादरी रैव. जी. मैकालिस्टर ने सन् १८९८ में, आज से ७८ वर्ष पहिले, तत्कालीन जयपुर राज्य में बोली जाने वाली कोई १४ बोलियों के प्रचुर नमूने एकत्रित किए और उनके व्याकरण बनाए। साथ ही ३२ पृष्ठों का एक कोष भी उन्होंने छापा। बोलियों का एक नक्शा बनाकर भी विषय को बोधगम्य बनाने का प्रयत्न किया गया।

डाक्टर जार्ज ग्रियर्सन ने 'भारत का भाषायी सर्वेक्षण' नामक अपने अमर ग्रंथ में राजस्थानी भाषा का विवेचन करते हुए यह मुक्तकण्ठ से स्वीकार करने की उदारता दिखाते हुए लिखा है कि जयपुर के रैव. जी. मैकालिस्टर की इस पुस्तक से उन्हें अत्यधिक सहायता मिली है। उन्होंने यहां तक लिख दिया है कि यदि मैकालिस्टर द्वारा एकत्रित नमूने उपलब्ध नहीं होते तो वे अपने ग्रन्थ के संबंधित अंश के साथ पूरा न्याय नहीं कर पाते।

इससे प्रकट है कि मैकालिस्टर की प्रस्तुत पुस्तक कितनी उपादेय है। दूसरे, पुस्तक की मात्र एकसौ प्रतियां ही छापी जाने के कारण वह अलभ्य-प्रायः हो गई थी। अकेले जयपुर के पोथीखाने में ही इसकी १५–२० पोथियां अभी तक पड़ी बताई। ऐसी स्थिति में इसका हिन्दी अनुवाद प्रकाशित करना आवश्यक जान पड़ा।

हमें प्रसन्नता है कि राजस्थानी भाषा और व्याकरण के मूर्द्धन्य विद्वान श्री नरोत्तमदास स्वामी के निदेशन में डा. सत्यनारायण स्वामी तथा डा. लक्ष्मी कमल ने यह अनुबाद बड़ी उत्तम रीति से प्रस्तुत कर दिया है।

मैकालिस्टर द्वारा दिए गए 'कोष' भाग को हमने प्रकाशित करना उपयोगी नहीं समझा है। प्रस्तुत पुस्तक को राजस्थानी व्याकरण का प्रथम भाग लिखते समय हमारी यह इच्छा रही है कि हम इसी प्रकार दूसरी बोलियों के भी अध्ययन प्रकाशित करें। इससे पूर्व हम ग्रियर्सन के 'राजस्थान का भाषा सर्वेक्षण' को भी प्रकाशित कर चुके हैं ताकि समूची राजस्थानी बोलियों के व्याकरण और नमूने अध्येतुओं के लिए सुलभ हो सकें।

जयपुर
आखातीज, संवत् २०३३

—रावत सारस्वत
सचिव

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सूचिका

१. प्रकाशक का वक्तव्य ३–४

२. अनुवादकों का वक्तव्य ५–६

३. अनुवाद में प्रयुक्त व्याकरण-संबंधी पारिभाषिक शब्दों का विवरण ७–९

४. मूल लेखक की भूमिका १०–१२

५. जयपुर राज्य की बोलियों के व्याकरण(१३–४९) ७. बोलियों के नमूने(५३–१५५)

(१) जयपुर की बोली	१३–२१	,,	५३–७७
(२) शेखावाटी की बोली	२१–२५	,,	७८–८४
(३) तोरावाटी की बोली	२६–२८	,,	८५–९४
(४) काठैड़ा की बोली	२८–२९	,,	९५–९९
(५) डांग की बोली	३०–३३	,,	१००–१०७
(६) डूंगरवाड़ै की बोली	३३–३७	,,	१०८–११४
(७) कालीमाल् की बोली	३७–३९	,,	११५–१२०
(९) राजावाटी की बोली	३९–४१	,,	१२१–१२७
(१०) डांगभांग की बोली	४१–४३	,,	१२८–१३०
(११) नागरचाल की बोली	४३–४४	,,	१३१–१३५
(१२) खैराड़ी बोली	४४–४५	,,	१३६–१४२
(१३) चौरासी की बोली	४५–४५	,,	१४३–१४६
(१५) बोघोटा की बोली	४६–४९	,,	१४७–१५२
(१६) बोलियों के संबंध में विशेष विवरण	५०–५१		

टिप्पणीः—नं० (५) और नं० (१४) क्रमशः डांग और जयपुरी तथा राजावाटी और जयपुरी रूपों की मिश्रित बोलियां हैं जिनके व्याकरण मैकालिस्टर ने नहीं दिये हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अनुवादकों का वक्तव्य

श्री मैकालिस्टर अेक पादरी थे जो जयपुर राज्य में बहुत दिनों तक रहे। सं० १८९७ में भारत-सरकार ने जयपुर महाराजा को जयपुर राज्य की बोलियों का सर्वेक्षण प्रस्तुत करने के लिअे लिखा। महाराजा ने यह काम श्री मैकालिस्टर को सौंपा।

श्री मैकालिस्टर ने बड़ी योग्यता से जयपुर राज्य की बोलियों का सर्वेक्षण प्रस्तुत किया। उनका यह ग्रन्थ तीन खण्डों में है—प्रथम खंड में, जिसके १५५ पृष्ठ हैं, जयपुर राज्य में बोली जाने वाली बोलियों के नमूने हैं। दूसरे में उन नमूनों में आये प्रमुख शब्दों का शब्दकोष ३२ पृष्ठों में है। तीसरे खण्ड में ६३ पृष्ठों में इन बोलियों के संक्षिप्त व्याकरण दिये गये हैं। साथ में इन बोलियों का अेक नकशा भी दिया गया है।

भारतीय भाषाओं से संबद्ध कार्य का आरंभ यूरोपीय विद्वानों द्वारा ही किया गया। राजस्थानी व्याकरण के आरंभिक लेखक भी यूरोपीय ही थे जिनमें मैकालिस्टर, केलोग, ग्रियर्सन और तैसीतोरी के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

मैकालिस्टर का यह ग्रन्थ अपना विशेष महत्व रखता है। ग्रियर्सन ने जयपुर की बोलियों का जो विवरण अपने लिंग्विस्टिक सर्वे में दिया है वह पूर्णरूप से मैकालिस्टर पर ही आधारित है।

मरुवाणी के विद्वान् संपादक श्री रावत सारस्वत ने इसका हिंदी अनुवाद प्रकाशित करने की आवश्यकता अनुभव की और मुझे आदेश दिया कि मैं इसका अनुवाद प्रस्तुत कर दूं। मैंने उनका आदेश शिरोधार्य किया और बहन ड० लक्ष्मी कमल से उनके सहयोग की इच्छा की।

लक्ष्मी बहन ने मेरी इच्छा का आदर करते हुअे सहयोग का हाथ बढ़ाया। अब समस्या आयी ग्रन्थ की प्रति प्राप्त करने की। ग्रन्थ की केवल १०० प्रतियां छपी थीं। अतः ग्रन्थ आरंभ में ही दुर्लभ था। अब तो वह अलभ्य हो चुका है। अन्त में हमें इसकी प्रति राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध विद्वान्, अन्वेषक और कार्यकर्त्ता श्री नरोत्तम दासजी स्वामी के विशाल पुस्तकालय से प्राप्त हुई। स्वामीजी को यह प्रति राजस्थान के स्वनामधन्य विद्वान् श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा से प्रसाद रूप में प्राप्त हुई थी। जराजीर्ण होने पर भी उनने हमें यह प्रति दे दी।

अनुवाद करने में भी कठिनाई हुई। प्रमुख कठिनाई थी व्याकरण संबंधी पारिभाषिक शब्दों के ठीक प्रयोग निश्चित करने की। इस संबंध में हमने श्री स्वामीजी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का निर्देशन प्राप्त किया । इसमें प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दावली में, कुछ थोड़े अपवादों को छोड़कर, स्वामीजी की पुस्तक 'संक्षिप्त राजस्थानी व्याकरण' का अनुसरण किया गया है जिसका नवीन संशोधित संस्करण इस समय प्रेस में है । इन पारिभाषिक शब्दों का विवरण इस वक्तव्य के अंत में दे दिया गया है । पुस्तक का उपयोग करने वाले सज्जन उसको पहले देख लें तो उपयोग में सुविधा होगी ।

ग्रंथ लेखक को विभिन्न बोलियों के जो नमूने विविध व्यक्तियों से प्राप्त हुए, जिनके आधार पर उसने उनके व्याकरण लिखे, उनमें वर्तनी आदि की एकरूपता नहीं थी और लेखन की अनेक अशुद्धियां भी थीं जिस कारण लेखक द्वारा प्रस्तुत व्याकरणों में यत्रतत्र अशुद्धियां रह गयी हैं । अनुवादकों ने कहीं-कहीं टिप्पणियों में ऐसी अशुद्धियों की ओर संकेत किया है पर सर्वत्र ऐसा करना संभव नहीं हुआ है । शेखावाटी बोली के विवरण को हमने राजस्थानी के सुप्रसिद्ध विद्वान् और साहित्यकार डा० मनोहर शर्मा को, जो स्वयं शेखावाटी के निवासी हैं और शेखावाटी जिनकी अपनी बोली है, देखने के लिए दिया था । उनने मैकालिस्टर द्वारा दिये गये विवरण में अनेक संशोधन सुझाये ।

हम समझते हैं कि इसी प्रकार की भूलें अन्यान्य बोलियों के विवरणों में भी हैं और उनका संशोधन भी आवश्यक है ।

ग्रियर्सन ने अपने 'सर्वे' में जयपुर की बोलियों का जो विवरण दिया है वह, जैसा कि ऊपर कहा गया है, पूर्णरूपेण मैकालिस्टर के आधार पर दिया गया है । फलस्वरूप ग्रियर्सन द्वारा दिया गया विवरण भी संशोधनीय है ।

हम अपने सब सहायकों के हृदय से आभारी हैं जिनसे इन अनुवाद को प्रस्तुत करने में सहायता प्राप्त हुई है । इस कार्य की प्रेरणा हमें मरुवाणी के संपादक श्री रावत सारस्वत से मिली । उनके आदेश से ही यह अनुवाद प्रस्तुत किया गया है । अनुवाद कार्य में हमें श्री स्वामीजी से बराबर निर्देशन मिलता रहा । मूल पुस्तक की प्रति भी हमें उन्हीं से प्राप्त हुई । अनुवाद करने में उस जराजीर्ण पुस्तक की दुर्दशा भी हुई—उसका पन्ना-पन्ना अलग अलग हो गया ।

अनुवाद का प्रधान कार्य बहन लक्ष्मी ने किया है । बहन लक्ष्मी ने ही शब्द-कोष वाले दूसरे खण्ड का अनुवाद किया है ।

—सत्यनारायण स्वामी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अनुवाद में प्रयुक्त व्याकरण-संबंधी पारिभाषिक शब्दों के विवरण

(क) विभक्तियों का विवरण

पहली (परसर्गविहीन)—कर्त्ता और कर्म Nominative

तीसरी (हिंदी में परसर्ग-ने)—सकर्मक क्रिया के, भूतकृदंत से बने, भूतकालों का कर्त्ता Agentive

दूसरी (परसर्ग—को)—कर्म............ ...

चौथी (परसर्ग—को)—संप्रदान Dative

पांचवीं (परसर्ग—से)—(१) अपादान Ablative
(२) करण Instrumental
(३)—कर्मवाच्य और भाववाच्य का कर्त्ता

छठी (परसर्ग—का)—संबंध Genitive

सातवीं (परसर्ग—में और पर)—अधिकरण Locative

संबोधन (परसर्ग-विहीन)—Vocative

विभक्तियों के उदाहरण

	एक वचन	अनेकवचन
पहली	लड़का	लड़के
तीसरी	लड़के ने	लड़कों ने
दूसरी	लड़के को	लड़कों को
चौथी	लड़के को	लड़कों को
पांचवीं	लड़के से	लड़कों से
छठी	लड़के का	लड़कों का
सातवीं	लड़के में लड़के पर	लड़कों में लड़कों पर
संबोधन	लड़के !	लड़कों !

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(ख) कालों का विवरण

(क) धातु से बनने वाले काल

(१) आज्ञा (देख) Inperative

(२) आदरार्थक आज्ञा (देखिये–यो) Respectful Imperative

(३) संभाव्य भविष्य (देखे) Contingent Future (Horist)

(४) सामान्य भविष्य (देखेगा) Absolute Future

(५) सामान्य वर्तमान (देखै है) Present Imperfect (राजस्थानी में)

(६) अपूर्ण भूत (देखै हो) Past Imperfect (राजस्थानी में)

(ख) वर्तमान कृदंत से बनने वाले

(७) सामान्य संकेत भूत (देखता) Indefinite Imperfect (Past Conditional or Operative)

(५) सामान्य वर्तमान (देखता है) Present Imperfect (हिंदी में)

(६) अपूर्ण भूत (देखता था) Past Imperfect (हिंदी-राजस्थानी में)

(८) संभाव्य वर्तमान (देखता हो) Contingent Imperfect

(९) सदिग्ध वर्तमान (देखता होगा) Presumptive Imperfect

(१०) अपूर्ण संकेत भूत (देखता होता) Past Contingent Imperfect (Negative Contingent Imperfect)

(ग) भूत कृदंत से बनने वाले

(११) सामान्य भूत (देखा) Indefinite Perfect (Past Indefinite)

(१२) आसन्न भूत (देखा है) Present Perfect —

(१३) पूर्ण भूत (देखा था) Past Perfect —

(१४) संभाव्य भूत (देखा हो) Contingent Perfect —

संदिग्ध भूत (देखा होगा) Presumptive Perfect (Future Perfect or Past Potential)

(१६) पूर्णसंकेत भूत (देखा होगा) Past Contingent Perfect (Negative Contingent Perfect)

कृदंत का विवरण

भाववाचक कृदंत (देखना) Infinitive and Gerund

कर्तृवाचक कृदंत (देखनेवाला, देखनहार) Noun of Agency

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वर्तमान कृदंत (देखता) Present Participle (Imperfect Participle)
भूत कृदंत (देखा) Past Participle (Perfect Participle)
पूर्व कालिक कृदंत (देखकर) Conjunctive Participle
क्रियाविशेषण कृदंत (देखते, देखते ही) Adverbial Participle

(घ) अन्य पारिभाषिक शब्द

अनेकवचन	Plural	पदोच्चय	Phrase
आदरवाचक	Respectful	पौनःपुन्यवाचक	Frequentative
अेकवचन	Singular	वर्तनी	Spelling
केवल प्रयोग		विकारी रूप	Oblique Case
(विस्मयादिबोधक)	Interjection	संयोजक	Conjunction
जाति	Gender		
नरजाति	Masculine Gender		
नारी जाति	Feminine Gender		

टिप्पणी १—ऊपर दिये गये अंग्रेजी शब्द वे हैं जो मैकालिस्टर ने दिये हैं।

टिप्पणी २—वर्गाकार कोष्ठकों में आये हुअे अंश अनुवादकों द्वारा जोड़े गये हैं।

टिप्पणी ३—विभिन्न बोलियों के व्याकरण मूल में जिस क्रम से दिये गये हैं उस क्रम को अोकाध स्थल पर बदल दिया गया है। उदाहरणार्थ—मूल में जयपुरी बोली का व्याकरण चौथे नम्बर पर दिया गया है पर अनुवाद में वह पहिले नम्बर पर दिया गया है। क्योंकि सब बोलियों में जयपुरी बोली ही प्रमुख है और दूसरी बोलियों के साधारणतया वे ही रूप दिये गये हैं जो जयपुरी से भिन्न हैं।

इसी प्रकार व्याकरण-संबंधी विषयों के विवेचन में भी कहीं-कहीं सुविधा के लिए क्रम-परिवर्तन किया गया है।

•

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मूल लेखक की भूमिका

गत वर्ष जयपुर के महाराजा से कहा गया कि वे जयपुर राज्य में बोली जाने वाली बोलियों का अेक सर्वेक्षण करवावें। प्रथम तो भारत सरकार यह पता लगाना चाहती थी कि राज्य में कितनी बोलियां बोली जाती हैं, उनके स्थानीय नाम क्या हैं और उनमें से प्रत्येक के बोलने वालों की संख्या कितनी है। दूसरे भारत सरकार यह चाहती थी कि विभिन्न बोलियों के नमूने प्राप्त किये जांय। महाराजा ने यह कार्य करने के लिये मुझसे प्रार्थना की।

पूछताछ से मैंने पता लगाया कि राज्य में बोली जानेवाली विभिन्न बोलियों की संख्या १५ है। इन बोलियों में से किसी में भी कोई छपी हुई पुस्तकें नहीं हैं। मैंने जयपुर राज्य में लिखित बहुत से कागजात और विवरण पढ़े पर उनसे मुझे बहुत अधिक सहायता नहीं मिली। इसलिअे लाचार होकर मुझे अपनी समस्त सामग्री लोगों से उनके साथ बातचीत करके प्राप्त करनी पड़ी। मुझे विचार आया कि यदि जन-साधारण द्वारा प्रतिदिन गाये जाने वाले लोकगीतों को और साथ ही विशिष्ट अवसरों पर गाये जाने वाले गीतों को भी, लेखबद्ध कर लिया जाय तो यह अेक सुन्दर योजना होगी।

इस योजना के अनुसार काम करने से सर्वोत्तम परिणाम निकले, क्योंकि इस प्रकार मुझे अैसे अनेक शब्दों और मुहावरों की प्राप्ति हुई जो मैंने पहले नहीं सुने थे, फिर मुझे मालूम हुआ कि लोग रात के समय जब हुक्का पीते हुअे बैठे होते हैं तब वे बडे शौक से कहानियां कहा करते हैं। इसलिअे मैंने उन व्यक्तियों को, जिनको मैंने अपनी अभीष्ट सामग्री अेकत्र करने के लिअे जुटा रखा था, प्रेरित किया कि उनमें से प्रत्येक व्यक्ति अेक कहानी सुनावे। पहले-पहले तो उन्हें संकोच हुआ और वे कहते रहे कि उन्हें कोई कहानी-वहानी नहीं आती पर थोड़ा समझाने और जोर देने के बाद उनको महसूस हुआ कि उनका भय निर्मूल है और तब हमको हमारी इच्छा से कहीं अधिक कहानियाँ प्राप्त हो गयीं।

जब मैं इस प्रकार ये नमूने इकठ्ठे करने में लगा था तब विभिन्न बोलियों की व्याकरण संबंधी विभिन्नताओं को भी साथ ही साथ बड़ी सावधानी से लिखता गया जो इसी पुस्तक में दी गयी हैं।

हिंदी द्वितीय पुस्तक के कुछ पाठों का जयपुरी बोली में अनुवाद इस पुस्तक में छापा गया है। यह अनुवाद जयपुरी बोली का ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति के लिअे उपयोगी पाया जायगा।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

बोलियों में मिलने वाले शब्दों का अेक अंश भी इस पुस्तक में छापा गया है। इन शब्दों का संग्रह मैं वर्षों से करता आया हूँ। वे मुख्यतया लोगों के साथ हुई बातचीत से प्राप्त किये गये थे। कुल मिलाकर कोई १८०० शब्द दिये गये हैं जिनमें से कोई भी मुझे उपलब्ध हुअे किसी शब्दकोश में नहीं पाये जाते। बहुत से अैसे विकृत हुअे हिंदी शब्द भी दिये गये हैं जिनको केवल मात्र साहित्यिक हिंदी से परिचित व्यक्ति के लिअे समझ लेना संभव नहीं है। संज्ञा शब्दों की जाति भी जहां तक पता लग सका, साथ में दी गयी है।

व्याकरण के संबध में मैं स्पष्ट कर देना चाहूंगा कि जयपुरी बोली को मानक रूप में ग्रहण किया गया है क्योंकि वही बाकी बोलियों.. और इसीलिअे उसके समस्त व्याकरणिक रूप पूरे-पूरे दिये गये हैं। दूसरी बोलियों के विवरण में यदि वे जयपुरी बोली के रूप के समान पाये गये हैं तो उनको देने की आवश्यकता नहीं समझी गयी है। इसलिअे यह समझ लेना चाहिअे कि जहां संज्ञाओं के विभक्तियों के रूप, क्रियाओं के कालों के रूप आदि नहीं दिये गये हैं वहां वे जयपुरी बोली के रूपों के समान ही हैं।

इस पुस्तक में अेक नकशा भी दिया गया है जिससे ज्ञात होगा कि ये बोलियां कहां-कहां बोली जाती हैं। नीचे उन बोलियों के स्थानीय नाम दिये जाते हैं जिन नामों से वे उन-उन स्थानों में जानी जाती हैं। साथ में उनके बोलने वालों का अनुमानित संख्या भी दी गयी है।

बोली का नाम	प्रत्येक बोली के बोलने वालों की संख्या
१. जयपुरी	७, ६०, २३१
२. शेखावाटी	४, ८८, ०१७
३. तोरावाटी	३, ४२, ५५४
४. काठैड़ा	१, २७, ६५७
५. अेक मिश्रित बोली	२, १७, ५३१
६. डांग	१, ८६, ६०५
७. डूंगरवाड़ा	१, ०८, ७१६
८. काळीमाल	०, ८१, २१६
६. राजावाटी	१, ३३, ६३६
१०. डांगभाग	८०, ३६३
११. नागरचाल	५३, ५७५
१२. खैराड़	५६, २६४
१३. चौरासी	६८, ७७३
१४. अेक मिश्रित बोली	३६, ५१०
१५. बोघोटा	१७, ०५४
जयपुर राज्य की कुल जनसंख्या	२६, २५, ६५५

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जयपुरी बोली को उसे नहीं बोलने वाले तिरस्कार में 'काई—कूंई की बोली' कह कर पुकारते हैं शायद इस कारण कि जयपुरी बोलने वाले कांई शब्द का प्रयोग, हिंदी शब्द क्या के लिए, प्राय: बहुत करते हैं। उसे झाड़शाही बोली भी कहा जाता है।

नं० ५ की बोली डांग और जयपुरी के रूपों का मिश्रण है इसलिए व्याकरण में उनको स्थान देना आवश्यक नहीं समझा गया। इसी प्रकार नं० १४ भी एक मिश्रित बोली है जिनमें राजावाटी और जयपुरी के रूपों का मिश्रण है। दोनों में से किसी का कोई नाम प्रसिद्ध नहीं है।

डांग की बोली 'काकछू' नाम से और डूंगरवाड़ा की बोली 'रैकारा-तूकारा के नाम से भी जानी जाती है।

इन सब बोलियों की अपनी स्पष्ट विशेषताएं हैं। ये विभिन्नताएं शब्दों के उच्चारण, व्याकरणिक रूपों, शब्दकोश, और **स्वराघात** से संबंध रखती हैं। जयपुरी बोलने वाला दूसरी बोली बोलनेवाले की बात का अर्थ साधारणतया समझ सकता है पर वह यह सदा बता सकता है कि सामनेवाला जो बोली बोल रहा है वह उसकी अपनी बोली नहीं है ऐसे शब्द और शब्दोच्चय हो सकते हैं जिनको वह नहीं समझता और जिनका अर्थ वह बोलने वाले से पूछकर ही जान सकता है। जयपुर के आकार के राज्य में, जिसकी जनसंख्या कोई तीस लाख ही है, इस प्रकार विभिन्न बोलियों का होना कोई आश्चर्य की बात नहीं, विशेषकर जब हम देखते हैं कि यूनानी (ग्रीक) भाषा में एओलिक, गेरिक और आयोनिक जैसी बोलियां थीं और सभ्यता और शिक्षा के होते हुए भी, बरतानिया में इस समय भी ऐसी बोलियों का अस्तित्व है जो एक शिक्षित अंग्रेज के लिए लगभग दुर्बोध हैं।

जयपुर महाराजा ने इस काम में बहुत रुचि ली है, इस संबंध में हुए समस्त व्यय को उठाया है।

इस कार्य की प्रगति में जिन-जिन से मुझे सहायता प्राप्त हुई उन सबको मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूं। पं० गनपत लाल मिश्र को मैं विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं जिनसे मुझे आरंभ से ही अमूल्य सहायता प्राप्त हुई।

जयपुर **जार्ज मैकालिस्टर**

२४ फरवरी, १८९८

•

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जयपुर राज्य की बोलियों के व्याकरण

१. जयपुर की बोली

(क) संज्ञा

(१) **नरजातीय संज्ञा पोतो = पोता**

	अेकवचन	अनेकवचन
पहली (कर्ता-कर्म)	पोतो	पोता
तीसरी (समलय कर्ता)	पोतो, पोतै	पोतां, पोता[1]
दूसरी (सप्रत्यय कर्म)	पोता नै, कै[2]	पोतां नै, कै[2]
चौथी (संप्रदान)	पोता नै	पोतां नै
पांचवीं (अपादान)	पोता सूं, सैं	पोतां सूं, सैं
छठी (सबंध)	पोता को[3]	पोतां को[3]
सातवीं (अधि०)	पोता मैं, ऊपर, माळै इत्यादि[4]	पोतां मैं, ऊपर माळै इत्यादि[4]
संबोधन	पोता	पोतो, पोतावो[5]

(२) **नारीजातीय संज्ञा छोरी = लड़की, छोकरी**

पहली	छोरी	छोर्यां
तीसरी	छोरी	छोर्यां
दूसरी	छोरी नै, कै[2]	छोर्यां नै, कै[2]
चौथी	छोरी नै	छोर्यां नै
पांचवीं	छोरी सूं, सैं	छोर्यां सूं, सैं
छठी	छोरी को[3]	छोर्यां को
सातवीं	छोरी मैं, ऊपर इ०	छोर्यां मैं, ऊपर इ०
संबोधन	छोरी	अअ्रे छोर्यो, अ्रे छोरीवो[5]

अनुवादकों की टिप्पणियां

१. तीसरी विभक्ति में अनेकवचन में 'पोता' रूप अशुद्ध जान पड़ता है।
२. दूसरी विभक्ति में 'कै' परसर्ग का प्रयोग नहीं देखा जाता।
३. मूल में सर्वत्र छठी विभक्ति के परसर्गों में 'को' के अतिरिक्त 'का' और 'की' भी दिये गये हैं; 'का' अनेकवचन का और 'की' नारी-जाति का रूप है, अनुवाद में सर्वत्र केवल 'को' दिया गया है।
४. ऊपर, माळै, मांय, मांईनै आदि परसर्ग नहीं, किन्तु संबंधसूचक अव्यय हैं।
५. संबोधन के अनेकवचन के रूप पोतां, छोर्यां वातां आदि होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(३) **नारीजातीय संज्ञा वात [बात]❀ = बात**

पहली	वात	वातां
तीसरी	वात	वातां
दूसरी	वात नै	वातां नै
चौथी	वात नै	वातां नै
पांचवीं	वात सूं, सैं	वातां सूं, सैं
छठी	वात को	वातां को
सातवीं	वात में, ऊपर इ०	वातां में, ऊपर इ०
संबोधन	वात	वातां

(ख) **सर्वनाम**

(१) **उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम मैं = मैं**

पहली	मैं	म्हे
तीसरी	मैं	म्हे
दूसरी / चौथी	मूंनै, मनै म्हारै	म्हांनै म्हांकै
पांचवीं	मूं सूं, सैं मैं सूं, सैं	म्हां सूं, सैं म्हां सूं, सैं
छठी	म्हारो, म्हांवलो, म्हारै	म्हांको
सातवीं	मूं मैं, म मैं[1], मूं माळै, म्हारै माळै इ०	म्हां मैं, माळै इ०

(२) **उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम आपा = अपन (मैं और तू, मैं और तुम, हम और तू, हम और तुम)**

पहली	आपां	पांचवीं	आपां सूं, सैं
तीसरी	आपां	छठी	आपणा[2], आपणू[2]
दूसरी / चौथी	आपां नै आपणै[2]	सातवीं	आपां मैं इ०

टिप्पणी—यह शब्द उत्तम पुरुष सर्वनाम 'हम' की भांति प्रयुक्त होता है। इसके छठी विभक्ति के रूपों में यह विशेषता पायी जाती है—

(१) 'आपणू' रूप नरजाति की संज्ञा के कर्ता के एकवचन के साथ आता है। जैसे—आपणू घोड़ो गयो (= अपना घोड़ा गया)।

❀ राजस्थानी में 'बात' नहीं किंतु 'वात' होता है। अनुवाद में सर्वत्र 'वात' कर दिया गया है।

१. 'म मैं' संभवत: 'मैं में' है।

२. आपणा, आपणू, आपणै आदि उत्तमपुरुष 'आपां' के रूप नहीं किंतु आत्मवाचक 'आप' के रूप हैं; 'आपां' का छठी का रूप 'आपां को' होगा।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(२) 'आपणा' रूप नरजातीय संज्ञाओं के कर्ता के अनेकवचन के पूर्व आता है। जैसे—आपणा छोरा यो काम कर्यो छै।

यह रूप नरजातीय संज्ञाओं के दोनों वचनों के विकारी रूप के पूर्व भी प्रयुक्त होता है। जैसे—वो आपणा घोड़ा माळै बैठ्यो (वह अपने घोड़े पर बैठा); वो आपणा छोरां नै फड़ावै छै (वह अपने छोरों को पढ़ाता है)।

(३) 'आपणी' रूप दोनों वचनों की और सभी कारकों की नारीजातीय संज्ञाओं के पूर्व आता है।

(३) **मध्यमपुरुषवाचक सर्वनाम तू = तू**

पहली	तू	थे
तीसरी	तू	तू
दूसरी	तूनै, तनै	थां नै
चौथीं	थारै	थां कै
पांचवीं	तू सूं, तू सैं तैं सूं, तैं सैं	थां सूं, सैं
छठी	थारो	थांको
सातवीं	तू मैं, त मैं, तैं मैं थारै मांई, थारै माळै इ०	थां मैं, थां माळै थांकै माळै इ०

(४) **निकटस्थ निश्चयवाचक सर्वनाम यो = यह**

पहली	यो (नर०), या (नारी०)	ये (यै)
तीसरी	,,	यै, यां
दूसरी चौथी	ईं नै, ईं कै	यां नै, यां कै
पांचवीं	ईं सूं, ईं सैं	यां सूं, यां सैं
छठी	ईं को	यां को
सातवीं	ईं मैं, माळै ई०	यां मैं, यां माळै इ०

(५) **दूरस्थ निश्चयवाचक सर्वनाम वो = वह**

पहली	वो (नर०), वा (नारी०)	वै
तीसरी	,,	वां, वै
दूसरी चौथी	ऊं नै, ऊं कै	वां नै, वां कै
पांचवीं	ऊं सूं, ऊं सैं	वां, सूं, वां सैं
छठी	ऊंको	वां को
सातवीं	ऊं मैं, ऊं माळै इ०	वां मैं, वां माळै इ०

(६) **सापेक्ष संबंधबोधक सर्वनाम जो = जो**

पहली	जो, ज्यो	जो, ज्यो
तीसरी	जो, ज्यो	जो, जां, ज्यां

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दूसरी / चौथी	जीं नै, जीं कै	ज्यां नै, ज्यां कै / जां नै, ज्यां कै
पांचवीं	जीं सूं, जीं सैं	ज्यां सूं, ज्यां सैं / जां सूं, जां सैं
छठी	जीं को	ज्यां को, जां को
सातवीं	जीं मैं, जीं माळै इ०	ज्यां मैं, जां मैं / ज्यां माळै, जां माळै इ०

(७) **प्रश्नवाचक सर्वनाम कुण = कौन (दोनों वचन**

पहली	कुण	पांचवीं	कुण सूं, सैं
तीसरी	कुण	छठी	कुण को
दूसरी / चौथी	कुण नै, कै	सातवीं	कुण मैं, माळै इ०

(८) **प्रश्नवाचक सर्वनाम कांईं = क्या (दोनों वचन)**

पहली	कांईं	पांचवी	कांईं सूं, सैं
तीसरी	कांईं	छठी	कांईं को
दूसरी / चौथी	कांईं नै, कै	सातवीं	कांई मैं इ०

(९) **अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई = कोई (दोनों वचन)**

पहली	कोई	पांचवीं	कोई सूं, सैं
तीसरी	कोई	छठी	कोई को
दूसरी / चौथी	कोई नै, कै	सातवीं	कोई मैं, माळै इ०

(ग) सार्वनामिक विशेषण

(१) परिणामवाचक विशेषण

अत्तो, अतनू, अतरो / इत्तो, इतरो = इतना

उत्तो, उतरो = उतना

जत्तो, जतरो / जित्तो, जितरो = जितना

कत्तो, कतरो, कतनू / कित्तो, कितरो = कितना

कत्ता, कतरा, कतना / कित्ता = कितने

केक, कै क, कै अेक = कितने

(२) रीतिवाचक विशेषण

असो, अस्यो, अश्यो = अैसा

जसो, जस्यो, जश्यो = जैसा

उसो, उस्यो, उश्यो = वैसा

कसो, कस्यो, कश्यो = कैसा

कसोक, कस्योक, कश्योक = कैसा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(३) अन्य सार्वनामिक विशेषण

अ`क, येक = एक

दूसरो = दूसरा, अन्य

दोन्यूं = दोनों

सारा, सगळा, सब्ला = सब, सारा

भौत = बहुत

कई, केई = कई, कुछ, अनेक

समूचो = समूचा, सारा

घणू = बहुत

घणा = अनेक

नरा = बहुत सा

नरा = बहुत से, अनेक

क्यों = कुछ

क्यों हीं = कुछ भी

पैलो = दूसरा, अन्य

परायो = दूसरा आदमी

पराई = दूसरी स्त्री

कै………कै = या तो………या

खै………खै = या तो………या

(घ) क्रिया

(a) सहायक क्रिया—स्थितिसूचक होना

(१) वर्तमान काल (दोनों जातियां)

अेक०	अनेक०
मैं छूं	म्हे छां
तू छै	थे छो
वो छै	वै छै

(२) भूतकाल

	अेक०	अनेक०
नर०	—मैं, तू, वो छै	म्हे, थे, वै छां
नारी०	—मैं, तू, वा छी	म्हे, थे, वै छी

(b) क्रिया—विकारसूचक होना

(१)	भाववाचक क्रदंत	— होबो, व्हैबो, व्हैणू	= होना
(२)	वर्तमान क्रदंत	— होतो, व्हैतो	= होता
(३)	भूत क्रदंत	— हुयो	= हुआ
(४)	पूर्वकालिक क्रदंत	— होर, व्हैर	= होकर
(५)	क्रियाविशेषण क्रदंत	— होतांई, व्हैतांई	= होते ही
(६)	कर्तृवाचक क्रदंत	—होबाळो, होबाहाळो, होणहार, होवाको, होत, व्हैत, होतब, होतिब	= होने वाला

(१) आज्ञा (हो) –

अेक०	अनेक०
तू व्है	थे हो

(२) आदरार्थक आज्ञा (होइये) –

होजो, व्हैजो, व्हीजो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(३) संभाव्य भविष्य

मैं होऊं, हूं	म्हे व्हां
तू होय, व्है	थे हो
वो होय, व्है	वै व्है

(४) (i) सामान्य भविष्य

(१) मैं होऊंगा

मैं होऊंला, हूंला, हूलो	म्हे व्हांला
तू होलो, होयलो	थे होला
वो होलो, होयलो, व्हैलो	वै होला, व्हैला

(ii) सामान्य भविष्य

(२) मैं होऊंगा

मैं होस्यूं	म्हे होस्यां
तू होसी	थे होस्यो
वो होसी	वै होसी

(५) सामान्य वर्तमान — मैं होता हूं

मैं हूं छूं	म्हे व्हां छां
तू व्है छै	थे हो छो
वो व्है छै	वै व्है छै

(६) अपूर्ण भूत—

मैं / तू / वो	व्है छ	म्हे / थे / वै	व्है छा

(७) सामान्य संकेतभूत — मैं होता

मैं / तू / वो	व्हैतो	म्हे / थे / वै	व्हैता

(८) संभाव्य वर्तमान — मैं होता होऊं

मैं होतो हूं	म्हे होता व्हां
तू ,, व्है	थे ,, हो
वो ,, व्है	वै ,, व्है

(९) संदिग्ध वर्तमान—मैं होता होऊंगा

मैं व्हैतो हूंला, हूंलो	म्हे व्हैता व्हांला
तू ,, होलो	थे ,, होला
वो ,, व्हैलो	वै ,, व्हैला

(१०) अपूर्ण संकेतभूत — मैं होता होता

मैं / तू / वो	व्हैतो व्हैतो	म्हे / थे / वै	व्हैता व्हैता

(११) सामान्य भूत — मैं हुआ

मैं / तू / वो	हुयो	म्हे / थे / वै	हुया

(१२) आसन्न भूत — मैं हुआ हूं

मैं हुयो छूं	म्हे हुया छाँ
तू हुयो छै	थे ,, छो
वो ,, छै	वै ,, छै

(१३) पूर्ण भूत — मैं हुआ था

मैं / तू / वो	हुयो छो	म्हे / तू / वै	हुया छा

(१४) संभाव्य भूत — मैं हुआ होऊं

मैं हुयो हूं	म्हे हुया व्हां
तू ,, व्है	थे ,, हो
वो ,, व्है	वै ,, व्है

(१५) संदिग्ध भूत — मैं हुआ होऊंगा

मैं हुयो हूंला, हूंलो	म्हे हुया व्हांला
तू ,, होलो, व्हैलो	थे ,, होला
वो ,, व्हैलो	वै ,, व्हैला

(१६) पूर्ण संकेत भूत— मैं हुआ होता

मैं / तू / वो	हुयो व्हैतो	म्हे / थे / वै	हुया व्हैता

(ग) क्रिया—बोलना

(१) भाववाचक कृदंत — बोलबो, बोलणू = बोलना
(२) वर्तमान कृदंत — बोलतो = बोलता

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(३) मूल कृदंत — बोल्यो = बोला
(४) पूर्वकालिक कृदंत — बोलर = बोल कर
(५) क्रियाविशेषण कृदंत — बोलतांई = बोलते ही
(६) कर्तृवाचक कृदंत — बोलबाळो, बोलवाहाळो बुलारो, बुलाक = बोलनेवाला

(१) आज्ञा—तू बोल

तू बोल थे बोलो

(२) आदरार्थक आज्ञा–आप बोलिये बोलियेगा

— बोलजो

(३) संभाव्य भविष्य—मैं बोलूं

मैं बोलूं म्हे बोलां
तूं बोलै थे बोलो
वो बोलै वै बोलै

(४) सामान्य भविष्य—मैं बोलूंगा

मैं बोलूंला, बोलूंलो म्हे बोलांला
तू बोलैलो थे बोलोला
वो बोलैलो वै बोलैला

(५) सामान्य वर्तमान—मैं बोलता हूं

मैं बोलूं छूं म्हे बोलां छां
तू बोलै छै थे बोलो छो
वो बोलै छै वै बोलै छै

(६) अपूर्ण भूतकाल—मैं बोलता था

मैं / तू / वो	बोलै छो	म्हे / थे / वै	बोलै छा

(७) सामान्य संकेत भूत—मैं बोलता

मैं / तू / वो	बोलतो	म्हे / थे / वै	बोलता

(८) संभाव्य वर्तमान—मैं बोलता होऊं

मैं बोलतो हूं म्हे बोलता व्हां
तू बोलतो व्है थे बोलता हो
वो बोलतो व्है वै बोलता व्है

(८) संदिग्ध वर्तमान–मैं बोलता होऊंगा

मैं बोलतो हूंला, हूंलो | म्हे बोलता व्हांला
तू बोलतो होलो थे बोलता होला
वो बोलतो व्हैलो वै बोलता व्हैला

(१०) अपूर्ण संकेत भूत—मैं बोलता होता

मैं / तू / वो	बोलतो व्हैतो	म्हे / थे / वै	बोलता व्हैता

(११) सामान्य भूत—मैं बोला

मैं / तू / वो	बोल्यो	म्हे / थे / वै	बोल्या

(१२) आसन्न भूत—मैं बोला हूं

मैं बोल्यो छूं म्हे बोल्या छां
तू बोल्यो छै थे बोल्या छो
वो बोल्यो छै वै बोल्या छै

(१३) पूर्ण भूत—मैं बोला था

मैं / तू / वो	बोल्यो छो	म्हे / थे / वै	बोल्या छा

(१४) संभाव्य भूत—मैं बोला होऊं

मैं बोल्यो हूं म्हे बोल्या व्हां
तू बोल्यो व्है थे बोल्या हो
वो बोल्यो व्है वै बोल्या व्है

(१५) संदिग्ध भूत—मैं बोला होऊंगा

मैं बोल्यो हूंला, हूंलो | म्हे बोल्या व्हांला
तू बोल्यो व्हैलो, होलो | थे बोल्या होला

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वो बोल्यो व्हैलो	वै बोल्या व्हैला

(१६) **पूर्ण संकेत भूत—मैं बोला होता**

मैं / तू / वो	बोल्यो व्हैतो	म्हे / थे / वै	बोल्या व्हैता

(ङ) अव्यय

(१) क्रिया विशेषण

अठै, अडै	= यहां
ऊठै, ऊडै	= वहां
कोठै, कोड़ै	= कहां
जडै	= जहां
यी नै, अडी नै, ऊनै	= इधर
ऊडी नै	= उधर
जैंडी नै	= जिधर
कौड़ी नै	= किधर
उरै, उरो	= निकट, इधर
दूगे, परै, परो	= दूर, वहां
अैंडी-ऊंडी	= यहां-वहां, इधर-उधर
ओड़-पास	= चारों ओर
आंतरै	= दूरी पर, दूर
बारां नै, बारणै	= बाहर
ओजूं, ओरूं	= फिर
फेर, फरूं, फेर्यूं	= फिर
तुर्त, तुरत	= शीघ्र
कौलग, कौलक	= कब तक
चट	= चटपट, तुरत
पट, फट	= चटपट, तुरंत, सहसा
सरणाटै	= तुरंत, अविलंब
संवारै, संवारैई	= सबेरे
भागफाट्यां	= पौ फटने के समय
पीळै बादळ	= पौ फटने के ठीक पहले
पिरस्यूं, पिर्यूं	= परसों
पैलै दिन	= परले दिन, तरसों
जीं पैलै दिन	= नरसों
नितकी	= सदा, प्रतिदिन
रोजीना की	= सदा, प्रतिदिन
अचाणचक, चाणचको	= अचानक
कद	= कब
जिद	= जब
तिद	= तब
कदे	= कभी
कदे जदे	= शायद कभी
खणां-जणां	= शायद कभी
खणां-खणां	= कभी-कभी
यूं, यों	= यों, अैसे
जूं	= ज्यों, जैसे
अैयां	= अैसे
जैयां	= जैसे
ऊंईयां	= वैसे
भैंयां	= जमीन पर
छांनै-छांनै	= छिपकर, चुपचाप
नेठ मैं	= अंत में बिलकुल, सर्वथा, कम से कम
जाणै	= मानो
नतर	= अन्यथा, नहीं तो, भी
स्यात	= शायद, कदाचित्
दूसरां	= दूसरे
चौथां	= चौथे
अेकलो	= अकेला
अेकसो	= अेक सा
इकसार	= अेक सा

(२) संबंधसूचक

बेई	= लिए, की जगह
पाछै	= पीछे
लैर	= साथ
सांमां, सांमां नै	= सामने
तांई	= तक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बारै	= बाहर
भेळै	= साथ
कनै	= पास
मांय	= भीतर
मंईं नै	= भीतर

(३) संयोजक

अक, अस	= कि
जो, ज्यो, जै	= यदि
कै, खै	= या अथवा
अर	= और
पण	= परंतु

[illegible] = [illegible] ... तब तक

(४) केवलप्रयोगी (विस्मयादिबोधक)

अजी, ओजी, येजी	= अजी
अग्रे, ओग्रे	= अग्रे
अवो, ओवो	= अयो
अे, अरे, अरै, ओरै	= ओ, ओ रे
अरी, ओ री	= ओ री
हत्त्यारी [हत् तारी]	= हत् तेरी
हत्, हुत, हुं	= हत्, हट

२. शेखावाटी की बोली

(क) संज्ञा

(१) नरजातीय संज्ञा पोतो = पोता

दूसरी	पोतै नै	—	पांचवीं	पोतै हूं	—

(ख) सर्वनाम

(१) उत्तमपुरुष सर्वनाम हूं = मैं

पहली	हूं	—
तीसरी	—	—
दूसरी चौथी	मन्नै	—
पांचवीं	म्हारै सूं, मेरै सूं मैं सूं	म्हां, हूं
छठी	मेरो, मेरलो, मेरे, मेरलै मेरी, मेरली	मेरा, मेरला, म्हांकाळा, म्हांकाळी
सातवीं	मेरै मैं, मेरै मांनै म्हारै मैं, म्हारै पर इ०	—

(२) मध्यपुरुष सर्वनाम तूं = तू

पहली	तूं	—
तीसरी	तैं	—
दूसरी चौथी	तन्नै	—

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पांचवीं	थारै सूं, तेरै सूं	—
छठी	तेरो, तेरलो, थारलो	थां कै
सातवीं	तेरै मैं, तेरै मांय, थारै मैं, थारै मांय	थां मांय इ०

(३) निश्चयवाचक सर्वनाम ओ = यह

पहली	ओ (नर.) आ (नारी.)	अै
तीसरी	अै, ओ	—
दूसरी, चौथी	अै नै	आं नै, आं कै
पांचवीं	अै सूं	आं सूं
छठी	अै को	आं को
सातवीं	अै मांय, अै पर इ०	आं मैं इ०

(४) निश्चयवाचक सर्वनाम बो = वह

पहली	बो (नर.) बा (नारी)	बै
तीसरी	—	—
दूसरी, चौथी	बीं नै, बैं नै	बां नै
पांचवीं	बीं सूं, बीं हूं	बां सूं, बां हूं
छठी	बीं को	बां को
सातवीं	बीं मैं इ०	बां मैं इ०

(५) सापेक्ष सर्वनाम जको = जो

पहली	जको (नर.) जकी (नारी.)	जका (नर.) जकी (नारी)
दूसरी	जकै नै	जकां नै
पांचवीं	जकै सूं	जकां सूं
छठी	जकै को	जकां को
सातवीं	जकै मैं, जै मैं इ०	जकां मैं इ०

(६) प्रश्नवाचक सर्वनाम किण, कुण, कीं = कौन

(दोनों वचन)

पहली	किण, कुण, कीं	छठी	कीं को, कै को
दूसरी	कीं नै	सातवीं	कीं मैं, कै मैं इ०
पांचवीं	कीं सूं कै सूं		

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(७) अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई = कोई

दूसरी	कींनै, कहैं नै	छठी	कीं को
पांचवीं	कीं सूं	सातवीं	कीं मैं इ०

(८) प्रश्नवाचक सर्वनाम के = क्या

पहली	के	छठी	क्यां को
दूसरी	क्यां नै	सातवीं	क्यां मैं
पांचवीं	क्यां सूं		

(ग) सार्वनामिक विशेषण

(१) परिमाणवाचक

अतणो, इतणो = इतना | कितरोक = कितना

बतणो, बतरो, बत्तो = उतना | कतणाक = कितने

जतणो, जतरो = जितना

(२) रीतिवाचक

इस्यो, अैस्यो = अैसा | जिस्यो, जैसो = जैसा

विस्यो, बैसो = वैसा | किशोक = कैसा

(३) अन्य

अेक	= अेक	बोळो	= बहुत सा
दूसरो, दूजो	= दूसरा	घणु (घणू)	= बहुत
दोन्यूं, दोन्यां	= दोनों	घणा	= बहुत से
सै	= सब, सारे, सारा	केई	= कई
		कै……कै	= या तो……या

(घ) क्रिया

(१) क्रिया स्थितिसूचक होना

वर्तमान काल	हूं हूं, हूं छूं	म्हे हां, म्हे छा
	तूं है, तूं छै	थे हो, थे, छो
	बो है, बो छै / बा है, बा छै	बै हैं, बै छै
भूतकाल	हूं, तूं, बो हो, छो	म्हे, थे, बै हा, छां
	हूं, तूं, बा ही, छी	म्हे, थे, बै ही, छी

(२) क्रिया विकारसूचक होना

भाववाचक कृदंत—	होवो, होणू	= होना
वर्तमान कृदंत—	होवतो, होतो, हूतो	= होता
भूत कृदंत—	हुयो	= हुआ

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पूर्वकालिक कृदंत—	होयर, होर	= होकर
क्रियाविशेषण कृदंत—	होतांई, होतां पांण्य	= होते ही
कर्तृवाचक कृदंत—	हूवाळो, हूवेवाळो, होवाळो, होणाळो, होणेवाळो	= होने वाल
संभाव्य भविष्य—	हूं होऊं	म्हे होवां
	तूं होवै	थे होवो
	वो होवै	वै होवैं
सामान्य भविष्य—	मैं होस्यूं, होऊंलो	म्हे होस्यां
	तूं होसी, होवैलो, होलो	थे होस्यो
	वो होवैलो, होलो	वै होसीं

(३) **क्रिया बोलना**

भाववाचक कृदंत—	बोलबो, बोलणो	= बोलना
वर्तमान कृदंत—	बोलतो	= बोलता
भूत कृदंत—	बोल्यो	= बोला
पूर्वकालिक कृदंत—	बोलर, बोल्यर, बोलिर	= बोल कर
क्रियाविशेषण कृदंत—	बोलतांई, बोलतां पांण्य	= बोलते ही
कर्तृवाचक कृदंत—	बोलवाळो, बोलणीयो [बोलणियो]	= बोलने वाला

सामान्य भविष्यकाल—मैं बोलूंगा इ०

हूं बोलश्यूं	म्हे बोलश्यां
तूं बोलशी	थे बोलश्यो
बो बोलशी	वै बोलशीं

सामान्य वर्तमानकाल—मैं बोलता हूं इ०

हूं बोलूं हूं	म्हे बोलां हां
तूं बोलशी	थे बोलो हो
बो बोलै है	वै बोलैं हैं, वै बोलैं छैं

संभाव्य वर्तमानकाल—मैं बोलता होऊं इ०

हूं बोलतो होऊं	म्हे बोलता होवां
तूं बोलतो हुवै	थे बोलता होवो
वो बोलतो हुवै	वै बोलता होवैं

संदिग्ध वर्तमानकाल—मैं बोलता होऊंगा इ०

हूं बोलतो होऊंलो	म्हे बोलता हुवांला, होवांला
तूं बोलतो हुवैलो	थे बोलता हुवोला
बो बोलतो हुवैलो	वै बोलता हुवैला

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अपूर्ण संकेत भूतकाल—मैं बोलता होता इ०

हूं बोलतो होतो	म्हे बोलता होता, हुता
तूं बोलतो होतो, हुतो	थे बोलता होता, हुता
बो बोलतो होतो, हुतो	बैं बोलता होता, हुता

आसन्न भूतकाल—मैं बोला हूं इ०

हुं बोल्यो हूं	म्हे बोल्या हां
तूं बोल्यो है	थे बोल्या हो
बो बोल्यो है	बैं बोल्या हैं, बै बोल्या छै

पूर्ण भूतकाल—मैं बोला था इ०

हूं / तूं / बो — बोल्यो हो	म्हे / थे / बैं — बोल्या हा

आज्ञा के रूप

राखजो (रखियेगा), राखशो (रखेंगे), राखशीं (रखेंगे), रखाशो (रखावेंगे), रखावशीं (रखावेंगे), रखावशो (रखावेंगे), रखावैं (रखावें)—ये आज्ञा के आदरार्थक रूप हैं। प्रेरणार्थक रूप इनमें सबसे अधिक आदरवाचक रूप है। कराशो (आप करावेंगे) = करें, कीजिये, कीजियेगा। इसी प्रकार लिरावैं (आप लिवावें) = आप लें, लीजिये, लीजियेगा; (आप दिलावें) = आप दें, दीजिये, दीजियेगा; दारु (दारू) लिरावैं = आप मद्य लें; नसीहत दिरावैं = आप नसीहत दें।

(ङ) अव्यय

(१) क्रियाविशेषण

जद, जणां, जरां	= जब	जीनै, जठीनै	= जिधर
कणां, करां	= कब	कीनै, कठीनै, कूनै	= किधर
अठै, अठै	= यहां	ईयां	= ऐसे
उलीकानी	= इधर	जीया, जीयाल, ज्यांल	= जैसे
बठै	= वहां	कीयां, कयां	= कैसे
कठै	= कहां	बियांल, बियां	= वैसे
ईंनै, अठीनै, ऊनै	= इधर	कदै, कणां, करां	= कभी ?
बींनै, बठीनै, बूनै	= उधर		

(२) संबंधसूचक

गैल, गेल = पीछे

पछै = पीछे

लेर = साथ

सागै = साथ

(३) संयोजक

जे = यदि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

३. तोरावाटी की बोली

(१) **नर जातीय संज्ञा पोतो = पोता.**

पांचवीं	पोता मां सूं	पोतां मां सूं

(२) **सर्वनाम**

(क) **उत्तम पुरुष सर्वनाम में = मैं**

पहली		मे
दूसरी		मा नै
चौथी		,,
पांचवीं		मा सूं
छठी	मेरो	मारो
सातवीं	म्म मैं, मैं मैं, मेरा माळै इ०	मामैं, मा माळै इ०

(ख) **मध्यम पुरुष सर्वनाम तैं = तू**

पहली	तैं	—
छठी	तेरो	थारो
सातवीं	तेरै पर इ०	थारै पर इ०

(ग) **निकटस्थ निश्चयवाचक सर्वनाम ओ और यो = यह**

पहली	ओ, औ	अै
दूसरी	अैं नै	आं नै
चौथी	,,	,,
पांचवीं	औं सूं	आं सूं
छठी	औं को	आं को
सातवीं	औं मैं इ०	आं मैं इ०

(घ) **दूरस्थ निश्चयवाचक सर्वनाम बो = वह**

पहली	बो	बै, बां, बैं
दूसरी / चौथी	बै नै, बैं नै	बां नै
पांचवीं	बै सूं	बां सूं
छठी	बै को	बां को
सातवीं	बै मैं इ०	बां मैं इ०

(ङ) **सापेक्ष सर्वनाम जको = जो**

पहली	जका	जकां
दूसरी / चौथी	जका नै	जकां नै

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चवी	जका सूं	जकां सूं
छठी	जैंको, जैंकै	—
सातवीं	जैं मैं, जका मैं इ०	जकां मैं

(च) **प्रश्नवाचक सर्वनाम कुण = कौन**

दूसरी, चौथी	कैं नै	छठी	कैं को
पांचवीं	कैं सूं	सातवीं	कैं मैं, कैं कै ऊपर इ०

(छ) **अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई, कायो = कोई**

पहली	कायो	पांचवीं	कैं सूं
दूसरी, चौथी	कैं नै	छठी	कैं को
		सातवीं	कैं मैं इ०

(ज) **प्रश्नवाचक सर्वनाम के = क्या**

पहली	के	पांचवीं	क्यां सूं
दूसरी, चौथी	क्यां नै	छठी	क्यां को
		सातवीं	क्यां मैं इ०

(झ) **सार्वनामिक विशेषण**

(i) परिमाणवाचक विशेषण

वत्तो, वतरो = उतना   कयेक = कितना

(ii) रीतिवाचक विशेषण

वसो = वैसा

(iii) अन्य सार्वनामिक विशेषण

सटाटा, सै = सब   बोळा = बहुत

(३) (क) **क्रिया होना**

कर्तृवाचक कृदंत   व्हैतू, होतू – होने वाला

(ख) **क्रिया बोलना**

कर्तृवाचक कृदंत   बोलतू = बोलने वाला

सामान्य भविष्य

मैं बोलूंगो	मे बोलांगा
तैं बोलैगो	थे बोलोगा
बो बोलैगो	बै बोलैंगा

संदिग्ध भूत

मैं बोल्यो हूंगो	मे बोल्या व्हांगा
तैं ,, होगो, व्हैगो	थे ,, होगा
बो ,, होगो, व्हैगो	बै ,, व्हैंगा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(४) अव्यय

(क) क्रियाविशेषण

अद्यां, जणां = जब

मां, मांवां = भीतर

ईठै, अंठै, अठै = यहां

ऊनै = इधर

ऊठै, बठै, बीडे = वहां

जैठे, जठै, जीडे = जहां

कूनैं = किधर

ओरु, औरु = फिर

पैलाड़ी = उधर

जठीनै = जिधर

कठै, कैठै, कैड़ै, ख्यां = कहां

(ख) संबंधसूचक

गैल = साथ

सामूं = सामने

तार = तक

लैर नै, गैल नै = पीछे

कैले, आटै = लिये

(ग) संयोजक

जै.........तो—यदि..... ...तो

•

४. काठैड़ा की बोली

(१) संज्ञा

(क) नरजातीय संज्ञा पोतो = पोता

दूसरी, चौथी	पोता कूं	पोतां कूं
पांचवीं	पोता स्यूं	पोतां स्यूं

(ख) नारीजातीय संज्ञा छोरी = छोकरी

दूसरी, चौथी	छोरी कूं	छोर्यां कूं
पांचवीं	छोरी स्यूं	छोर्यां सूं

(२) सर्वनाम

(क) उत्तमपुरुष सर्वनाम मैं = मैं

पांचवीं	मैं स्यूं	म्हां स्यूं

(ख) मध्यमपुरुष सर्वनाम तू = तू

पहली	तूं	—
तीसरी	तैं	—
पांचवीं	तैं स्यूं	थां स्यूं

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(ग) निकटस्थ निश्चयवाचक सर्वनाम अ = यह

पहली	अँ	—
तीसरी	ईं नै	यां नै
पांचवीं	ई स्यूं	—

(घ) दूरस्थ निश्चयवाचक सर्वनाम वैं = वह

पहली	वैं	—
तीसरी	वैं नै	—
दूसरी	वैं नै	—
पांचवीं	वैं स्यूं	—
छठी	वैं को	—
सातवीं	वैं मैं इ०	—

(ङ) सापेक्ष सर्वनाम जो, ज्यो = जो

दूसरी	जीं कूं	जां कूं
तीसरी	जीं नै	जां नै
पांचवीं	जीं स्यूं	—

(च) प्रश्नवाचक सर्वनाम कुण = कौन

	दोनों वचन		दोनों वचन		दोनों वचन
तीसरी	कुण नै	दूसरी	कुण कूं	पांचवीं	कुण स्यूं

(छ) अनिश्चायवाचक सर्वनाम कोई = कोई

	दोनों वचन		दोनों वचन
दूसरी	कोई कूं	पांचवीं	कोई स्यूं

(३) क्रिया होना

पूर्वकालिक कृदंत	हैर	= होकर
क्रियाविशेषण कृदंत	हैतांईं	= होते ही
कर्तृवाचक कृदंत	हैबाळो	= होने वाला

(४) अव्यय

(क) क्रियाविशेषण

बडै = वहां　　　　जडै = जहां

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

६. डांग की बोली

(जिसे का कछू की बोली भी कहते हैं)

(१) संज्ञा

(क) नरजातीय संज्ञा पोतो = पोता

पहली	पोता	पोता
तीसरी	पोता ने	पोतान ने
दूसरी, चौथी	पोता कूं, पोताय	पोतान कूं, पोतेन कूं
पांचवीं	पोता पै ते, पैं ते, कै ते	पोतान पै ते, पैं ते, कैते
छठी	पोता को	पोतान को
सातवीं	पोता में, ऊपर इ०	पोतान में, ऊपर इ०,

(ख) नारीजातीय संज्ञा छोरी = लड़की

पहली	छोरी	छोरी
विकारी रूप	छोरी	छोरीन

टि०—प्रत्यय पोता के प्रत्ययों की भांति ।

(२) सर्वनाम

(क) उत्तम पुरुष सर्वनाम मैं = मैं

पहली	—	हम
तीसरी	मो	हम, हमने
दूसरी	मोय	हम, हमको
चौथी	,,	,,
पांचवीं	मो पै त, तैं, तें, पैं, पें	हम पै ते इ०
छठी	मेरो	हमारो
सातवीं	मो में, ऊपर इ०	हम में इ०

(ख) मध्यम पुरुष सर्वनाम तू = तू

पहली	—	तुम
तीसरी	तैं नैं	तम ने
दूसरी	तो कूं	तम, तम कूं
चौथी	तो को	तम को
पांचवीं	तो पैतैं	तम पै तैं
छठी	तेरो	त्यारो, तुमरे
सातवीं	तो ऊपर इ०	तम ऊपर इ०

(ग) निश्चयवाचक सर्वनाम या और ई = यह

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पहली	या, ई	—
तीसरी	—	—
दूसरी, चौथी	याय	इन कूं
पांचवीं	या ते	इनते
छठी	या को	इन को
सातवीं	या में, या के ऊपर इ०	इन में, इनके ऊपर इ०

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम ऊ = वह

पहली	ऊ, वा, वह	वे
तीसरी	वा ने	उन ने, विन ने
दूसरी, चौथी	वा कूं, वाय	उन कूं
पांचवीं	वा पै ते	उन पै ते
छठी	वा को	उन को
सातवीं	वा में, वा के ऊपर इ०	उन में, उन के ऊपर इ०

(ङ) सापेक्ष सर्वनाम जे = जो

पहली	जे	जे
दूसरी	जा कूं	जिन कूं
पांचवीं	जा पै ते	जिन पै ते
छठी	जा को	जिन को
सातवीं	जा में, जा के ऊपर इ०	जिनमें इ०

(च) प्रश्नवाचक सर्वनाम कोण = कौन

पहली	कोण	पांचवीं	कोण पै ते
तीसरी	कोण ने	छठी	कोण को
दूसरी	कोण कूं	सातवीं	कोण में

(छ) अनिश्चयवाचक सर्वनाम काउ और कोऊ = कोई

पहली	काउ, कोऊ	पांचवीं	काउ पै ते
तीसरी	काउ ने	छठी	काउ को
दूसरी	काउ कूं	सातवीं	काउ में, के ऊपर इ०

(ज) सार्वनामिक विशेषण

परिणामवाचक— अ ते, इतेक = इतने   जितेक = जितने
उतेक = उतने   कितेक = कितने

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रीतिवाचक—	अैसो	= अैसा	कैसो	= कैसा
	जैसो	= जैसा		
अन्य—	इक	= अेक	सग	= सब
	दोनूं	= दोनों	सगन	= सब
	कैउ	= कोई	सटाटा	= सब
	पैला	= दूसरा	सटाटेन	= सब

(३) क्रिया

(क) क्रिया स्थितिवाचक होना

भूतकाल—	नर०—मैं, तू हो	हम तम, वे हा
	नारी०—मैं, तू, ऊ ही	हम, तम, वे ही

(ख) क्रिया विकारसूचक होना

कृदंत—	संज्ञाकृदंत	—	हैबो	= होना
	वर्तमानकृदंत	—	हत्त्यो	= होता
	भूतकृदंत—	—	हूयो	= हुआ
	पूर्वकालिक कृदंत	—	हैर	= होकर
	क्रियाविशेषण कृदंत	—	हों, होंतकै	= होते ही
	कर्तृवाचक कृदंत	—	हैबेहाळो (हैवेंहालो)	= होने वाला

भविष्यकाल—	मैं हूंगो	हम होंगे, हूंगे
	तू होगो	तम होगे
	ऊ होगो	वे होंगे, हूंगे
संकेतभूत—	मैं, तू, ऊ हत्त्यो	हम, तम, वे हत्ते
सामान्यभूत—	मैं, तू, ऊ हूयो	हम, तम, वे हूये

(ग) क्रिया बोलना

कृदंत—	पूर्वकालिक कृदंत	—	बोलर, बोलरकैन, बौलरकैन
	कर्तृवाचक कृदंत	—	बोलवेवाड़ो

भविष्यकाल—

मैं बोलूंगो	हम बोलेंगे
तू बोलेगो	तम बोलोगे
ऊ बोलेगो	वे बोलेंगे

संकेत भूत—

—	हम	बोलते
—	तम	
—	वे	

सामान्य वर्तमान

मैं बोलूं हूं	हम बोलें हैं
तू बोले है	तम बोलो हो
ऊ बोले है	वे बोलें हैं

संदिग्ध वर्तमान—

मैं बोलतो हूंगो	हम बोलते हेंगे
तू बोलतो हेगो	तम बोलते होगे
ऊ बोलतो हेगो	वे बोलते हेंगे

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सामान्य भूत—

—	हम	बोले
—	तम	
—	वे	

आसन्न भूत—

मैं बोल्यो हूं	हम बोले हैं
तू बोल्यो है	तम बोले हो
ऊ बोल्यो है	वे बोले हैं

पूर्णभूत—

मैं	बोल्यो हो	हम	बोले हैं
तू		तम	
ऊ		वे	

संदिग्ध भूत—

मैं बोल्यो हूंगो	हम बोले हेंगे
तू बोल्यो हेगो	तम बोले होगे
ऊ बोल्यो हेगो	वे बोले हेंगे

(४) अव्यय

(क) क्रियाविशेषण

यहां, इतकूं	= यहां
वां, व्हां, उतकूं	= वहां
बैलघां	= इधर, निकट
पैलघां	= उधर, दूर
खां, कितकूं	= कहां
ज्यूं	= यों, ऐसे
कभूंई	= कभी
जोनूं, जोतानूं	= जब तक
ऊ, ऊं	= भी
कैना	= कब

(ख) संबंधसूचक—

ढिग, ढिगारै	= पास, को
अगाड़ी, आघें	= आगे
हीके	= आगे

७. डूंगरवाड़ै की बोली

(१) संज्ञा

(क) नरजातीय संज्ञा पोतो = पोता

पहली	पोतो	—
तीसरी	पोतानै	—
दूसरी / चौथी	पोता कूं	पोतान कूं

(ख) नारीजातीय संज्ञा छोरी = लड़की

पहली	छोरी	छोरी
दूसरी / चौथी	छोरी कूं	छोरीन कूं छोरीन कै तांई

टि०—शेष विभक्तियों में जयपुरी के प्रत्यय जोड़े जाते हैं।

(२) सर्वनाम

(क) उत्तमपुरुष सर्वनाम मैं और हूं = मैं

पहली	मैं, हूं	हम
तीसरी	मैं नै	हमनै
दूसरी / चौथी	मो कूं मो कै तांई	हमारै तांई

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पांचवीं	मो सूं	हम सूं
छठी	—	हमारो
सातवीं	मो मैं इ०	हम मैं इ०

(ख) मध्यमपुरुष सर्वनाम तू = तू

पहली	तू	तम
तीसरी	तैं नैं	तम नै
दूसरी / चौथी	तो कूं	तम कूं, तम को, तम कै ताईं, थमारैं ताईं
पांचवीं	तो सूं	तम सूं
छठी	—	थमारो, तम को
सातवीं	तो मैं ई०	तम मैं, थमारै मांय इ०

(ग) निश्चयवाचक सर्वनाम या = यह

पहली	या	—
तीसरी	ईं नै	अन नैं
दूसरी / चौथी	याम, ईं कै ताईं	अन कै ताईं
पांचवीं	—	अन सूं
छठी	—	अन को
सातवीं	—	अन मैं, पै इ०

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम वा और ऊं = वह

पहली	वा, ऊं	—
दूसरी / चौथी	ऊं कूं, ऊं कै ताईं	उन कूं, उन कै ताईं
पांचवीं	—	उन सूं
छठी	—	उन को
सातवीं	—	उन मैं, पै इ०

(च) सापेक्ष सर्वनाम जे = जे

पहली	जे	जे
तीसरी	जीं नैं	जन नैं
दूसरी / चौथी	जीं कूं	जन कूं
पांचवीं	—	जन सूं
छठी	—	जन को
सातवीं	—	जन मैं, पैं इ०

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(छ) **प्रश्नवाचक सर्वनाम कुण = कौन**

दूसरी चौथी	कुण कूं

(ज) **अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई = कोई**

दूसरी चौथी	कोई कूं

(झ) **प्रश्नवाचक सर्वनाम कांई = क्या**

दूसरी, चौथी कांई कूं

(३) सार्वनामिक विशेषण

परिमाणवाचक

अतेक = इतना कतेक = कितना

रीतिवाचक

कसेक = कैसा

(४) क्रिया

(क) **क्रिया होना**

भाववाचक संज्ञा कृदंत	—हैवो	= होना
वर्तमान कृदंत	—हैतो	= होता
भूत कृदंत	—हीओ	= हुआ
पूर्वकालिक कृदंत	—हैर	= होकर
क्रियाविशेषण कृदंत	—हैत ही	= होते ही
कर्तृवाचक कृदंत	—हैंणेवाळो	= होने वाला

आज्ञा

तू है = तू हो तम हो = तुम होओ

संभाव्य भविष्य

म०पु०—तम हौ = तुम होओ

सामान्य भविष्य

मैं हूंगो हम हांगा

तू हैगो तम होगा

वा हैगो वैं हैंगा

संकेत भूत

मैं, तू, वा हैतो हम, तम, वैं हैता

सामान्य वर्तमान

मैं हैतो हूं हम हैता हां

तू ,, है तम ,, हो

वा ,, है वैं ,, है

अपूर्ण भूत

मैं तू वा	हैतो हो	हम तुम वैं	हैता हा

संभाव्य वर्तमान

मैं हैतो हूं हम हैता हां

तू ,, है तम ,, हो

वा ,, है वैं ,, हैं

संदिग्ध वर्तमान

मैं हैतो हूंगो हम हैता हांगा

तू ,, हैगो तम ,, होगा

वा ,, हैगो वैं ,, हैंगा

अपूर्ण संकेत भूत

मैं तू वा	हैतो हैतो	हम तम वैं	हैता हैता

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सामान्य भूत

मैं, तू, वा हीश्रो   हम, तम, वै हीश्रा

आसन्न भूत

मैं हीश्रो हूं   हम हीश्रा हां
तू ,, है   तम ,, हो
वा ,, है   वै ,, हैं

पूर्णभूत

मैं, तू, वा हीश्रा हो
हम, तम, वै हीश्रा हा

संभाव्य भूत

मैं हीश्रो हूं   हम हीश्रा हाँ
तू ,, है   तम ,, हो
वा ,, है   वै ,, हैं

संदिग्ध भूत

मैं हीश्रो हूंगो   हम हीश्रा हांगा
तू ,, हैगो   तम ,, होगा
वा ,, हैगो   वै ,, हैंगा

पूर्ण संकेत भूत

मैं तू वा	हीश्रो हैतो	हम तुम वै	हीश्रा होता

(ख) **क्रिया बोलना**

कृदंत—क्रियाविशेषण कृदंत
बौलत ई = बोलते ही

सामान्य भविष्य

मैं बोलूंगा   हम बोलांगा
तू बोलैगो   तम बोलोगा
वा बोलैगो   वै बोलैंगा

सामान्य वर्तमान

—   वै बोलैं हैं, बोलैं छैं

अपूर्णभूत

मैं तू वा	बोलै हो	हम तम वै	बोलै हा

संदिग्ध वर्तमान

मैं बोलतो हूंगो   हम बोलता हांगा
तू ,, हैगो   तम ,, होगा
वा ,, हैगो   वै ,, हैंगा

अपूर्ण संकेत भूत

मैं तू वा	बोलतो हैतो	हम तम वै	बोलता हैता

आसन्न भत

मैं बोल्यो हूं   हम बोल्या हां
तू बोल्यो है   तम बोल्या हो
वा ,, है   वैं ,, हैं

पूर्ण भूत

मैं, तू, वा बोल्या हो	हम, तम, वै बोल्या हा

संदिग्ध भूत

मैं बलयो हूंगो   हम बोल्या हांगा
तू ,, हैगो   तम ,, होगा
वा ,, हैगो   वै ,, हैंगा

पूर्ण संकेत भूत

मैं तू वा	बोल ो हैतो	हम तम वै	बोल्या हैता

[५] अव्यय

क्रियाविशेसरण

य्हां = यहां   ज्यां = जहां
व्हां = वहां   खां = कहां
अतकूं = इधर   न्यूं = यों, ऐसे
कतकूं = किधर   ओज्यूं = फिर
बैयर = बाहर   हलू-हलू = हौले हौले
पैलीआं, पैलीगां = उधर, उस ओर
ओलीआं, ओलीगां = इधर, इस ओर
सैज-सैज = धीरे-धीरे
छांनै-छांनै = धीरे-धीरे

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चौं,क्यां = क्यों	वाद्‌य = अधिक	गोड्यां = निकट, को
नीं = नहीं	ओठ्यां = अन्यत्र	खन्यां = निकट को
चौंनै,क्यूं नै = क्यों नहीं		वैलीग्रां = निकट, को

(ख) **संबंधसूचाक**

नजीक = निकट, को लारै = साथ

(ग) **संयोजक**

जे = यदि

•

८. कालीमाल की बोली

१. संज्ञा पोतो = पोता

पहली	पोतो	पोता
तीसरी	पोता नै	पोतान नै
दूसरी / चौथी	पोता कूं / पोता कै	पोतान कूं / पोतान कै
पांचवीं	पोता सूं	पोतान सूं
सातवीं	पोता मैं, पोता पै इ०	पोतान मैं, पोतान पै इ०

२. नारीजातीय संज्ञा छोरो = छोकरी

पहलो	छोरी	छोरी
दूसरी / चौथी	छोरी कूं, कै / छोरी कै ताईं	छोरी कूं, कै / छोरी कै ताईं
पांचवीं	छोरी सूं	छोरीन सूं
सातवीं	छोरी मैं, पै इ०	छोरीन मैं, पै इ०

३. उत्तम पुरुष सर्वनाम मैं और हूं = मैं

पहली	मैं, हूं	हम
दूसरी / चौथी	मो कूं	हम कूं
पांचवीं	मो सूं	हम सूं
छठी	म्हारो	हमारो
सातवीं	मो मैं, पै इ०	हम मैं, पै इ०

४. मध्यम पुरुष सर्वनाम तू = तू

पहली	तू	तम
तीसरी	तैं नै	तम नै
दूसरी / चौथी	तो कूं / तो नै	तम कूं / तम नै
पांचवीं	तो सूं	तम सूं

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

छठी	थारो	तमारा
सातवीं	तो मैं, तो पै इ०	तम मैं, तम पै

५. निश्चयवाचक सर्वनाम या = वह

पहली	या	ये
तीसरी	ईं नै	इन नै
दूसरी, चौथी	ईं कूं	इन कूं
पांचवीं	ईं सूं	इन सूं
छठी	ईं को	इन को
सातवीं	ईं मैं, पै इ०	इन मैं, पै इ०

६. निश्चवाचक सर्वनाम वा और ऊं = वह

पहली	वा, ऊं	वै, वे
तीसरी	ऊं नै	उन नै
दूसरी, चौथी	ऊं कूं	उन कूं
पांचवीं	ऊं सूं	उन सूं
छठी	ऊं को	उन को
सातवीं	ऊं मैं, पै इ०	उन मैं, पै इ०

७. सापेक्ष सर्वनाम जे = जो

पहली	जे	जे
तीसरी	जैं नै	जिन नै
दूसरी, चौथी	जैं कूं	जिन कूं
पांचवीं	जैं सूं	जिन सूं
छठी	जैं को	जिन का
सातवीं	जैं मैं, पै इ०	जिन मैं, पै इ०

८. प्रश्नवाचक सर्वनान कौन = कौन

पहली	कौन	कूंण

९. अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई = कोई

दूसरी, चौथी	कोई कूं	—

१०. प्रश्नवाचक सर्वनाम कांईं = क्या

दूसरी, चौथी	कांईं कूं	—

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

११. सार्वनामिक विशेषण

इतेक = इतने

कितेक = कितने   दोनूं = दोनों

१२. क्रिया स्थितिवाचक होना

वर्तमान

—	हम हां
—	तम हो
—	वै हैं

भूतकाल

मैं / तू / वा	हा	हम / तुम / वै	हा

१३. विकारसूचक क्रिया होना

संभाव्य भविष्य

—	हम होवां
—	तम हो
—	वै होवें (होवै)

सामान्य भविष्य

मैं होऊंगो	हम होवांगा
तू होग्रैंगो	तम होग्रोगा
वा होग्रैंगो	वै होग्रैंगा

१४. क्रिया बोलना

सामान्य भविष्य

मैं बोलूंगो	हम बोलांगा
तू बोलैंगो	तम बोलोगा
वा बोलैंगो	वै बोलैंगा

सामान्य वर्तमान

मैं बोलूं हूं	हम बोलां हां
तू बोलै है	तम बोलो हो
वा बोलै है	वै बोलैं हैं

ग्रासन्न भूत

में बोल्यो हूं	हम बोल्या हां
तू बोल्यो है	तम बोल्या हो
वा बोल्यो है	वै बोल्या हैं

पूर्ण भूत

मैं / तू / वा	बोल्यो हो	हम / तम / वै	बोल्या हा

संदिग्ध भूत

मैं बोल्यो होऊंगो	हम बोल्या होवांगा
तू बोल्यो होग्रैंगो	तम ,, होग्रोगा
वा ,, होग्रैंगो	वै ,, होग्रैंगा

१५. क्रियाविशेषण

कस्यां = कैसे   कां = कहां

न्ह्यां = यहां   इतकूं = इधर

म्हां = वहां   चूं नै = क्यों नहीं

चूं, च्यूं = क्यों   भ्रां = जहां

होटो, हौटो = वापिस

१६. संबंधसूचक

गेल = ग्रोर   काजै = लिग्रे

गोड्यां = निकट   नांउं = समान, भांति

भार = बाहर   बिन्या = बिना

•

६. राजावाटी की बोली

१. सर्वनाम

(क) मध्यमपुरुष सर्वनाम तू=तू

पांचवीं	तैं सूं	—
सातवीं	तैं मैं इ०	—

२. क्रिया विकारसूचक होना

i	संज्ञाकृदंत	–हैबो, हैणू
	वर्तमानकृदंत	–हैतो
	भूतकृदंत	–हीयो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पूर्वकालिक कृदंत —हैर

क्रियाविशेषण कृदंत —हैतांई

कर्तृ वाचक कृदंत —हैवाळो

ii **आज्ञा**

तू है = तू हो

हैजो = होइये, हूजियो

iii **संभाव्य भविष्य**

—	म्हे हां
तू है	—
वो है	वै है

iv **सामान्य भविष्य**

—	म्हे हांला
तू हैलो	—
वो हैलो	वै हैला

v **सामान्य भविष्य (२)**

मैं हैस्यूं —

vi **संकेतभूत**

मैं, तू, वो	हैतो	म्हे, थे, वै	हैता

सामान्य वर्तमान

—	म्हे हां छां
तू है छै	—
वो है छै	वै है छै

अपूर्ण भूत

मैं, तू, वो	है छो	म्हे, थे, वै	है छा

संभाव्य वर्तमान

मैं हैतो हूं	हम हैता हां
तू हैतो है	थे हैता हो
वो हैतो है	वै हैता है

संदिग्ध वर्तमान

मैं हैतो हूंलो	म्हे हैता हांला
तू हैतो हैलो	थे हैता होला
वो हैतो हैलो	वै हैता हैला

अपूर्ण संकेत भूत

मैं, तू, वो	हैतो हैतो	म्हे, थे, वै	हैता हैता

सामान्य भूत

मैं, तू, वो हीयो म्हे, थे, वै हीया

आसन्न भूत

मैं हीयो छूं	म्हे हीया छां
तू ,, छै	थे ,, छो
वो ,, छै	वै ,, छै

पूर्ण भूत

मैं, तू, वो हीयो छो

म्हे, थे, वै हीया छा

संभाव्य भूत

मैं हीयो हूं	म्हे हीया हां
तू ,, है	थे ,, हो
वो ,, है	वै ,, है

संदिग्ध भूत

मैं हीयो हूंलो	म्हे हीया हांला
तू ,, हैलो	थे ,, होला
वो ,, हैलो	वै ,, हैला

पूर्ण संकेत भूत

मैं, तू, वो हीयो हैतो

म्हे, थे, वै हीया हैता

(ख) **क्रिया बोलना**

संभाव्य वर्तमान

—	म्हे बोलता हां
तू बोलतो है	—
वो बोलतो है	वै बोलता है

संदिग्ध वर्तमान

—	म्हे बोलता हाला
तू बोलतो हैलो	—
वो ,, हैलो	वै बोलता हैला

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अपूर्ण संकेत भूत

मैं तू वो	बोलतो हैतो	म्हे थे वै	बोलता हैता

संभाव्य भूत

--	म्हे बोल्या हां
तू बोल्यो है	--
वो ,, है	वै बोल्या है

संदिग्ध भूत

--	म्हे बोल्या हांला
तू बोल्यो हैलो	--
वो ,, हैलो	वै बोल्या हैला

पूर्ण संकेत भूत

मैं तू वो	बोल्यो हैतो	म्हे थे वै	बोल्या हैता

३. अव्यय

(क) क्रियाविशेषण

कड़ै = कहां   अठै = यहां

अठी नै = इधर   जठै, जठी = जहां

ज्यांन = जैसे   ओलाड़ी = इधर

कड़ाकताणी = कब तक

उठी = उधर   नकै, नखै = निकट

पूंछी = पीछे

(ख) संबंधसूचक

लेर, लार = साथ   मांझ = भीतर

तकाक = तक

पोंछ्यां पोछ्यां = पीछे

●

१०. डांगभांग की बोली

१. संज्ञा पोतो = पोता

तीसरी	पोता नै	पोतान नै
दूसरी चौथी	पोता कू	पोता नै

२. नारीवाचक संज्ञा छोरी = छोकरी

तीसरी	छोरी नै	छोरीन नै
दूसरी चौथी	छोरी कूं	छोरीन कूं

३. उत्तमपुरुष सर्वनाम मैं = मैं

पहली	--	हम
तीसरी	मैं नै	हम नै
दूसरी चौथी	मो को	हम को
पांचवीं	मो सूं	हम सूं
छठी	मेरो	हमारो
सातवीं	मो मैं इ०	हम मैं ई०

(ख) मध्यमपुरुष सर्वनाम तू = तू

पहली	--	तुम, तम, तमू
तीसरी	तैं नै	तुम नै

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

दूसरी,चौथी	तो नैं	तम नैं
पाँचवीं	तो सूं	तुम सूं
छठी	तेरो	तुमारो
सातवीं	तो मैं	तुम मैं

(ग) निश्चयवाचक सर्वनाम यो = यह

तीसरी	ईं नैं	--
दूसरी,चौथी	ईं कूं	--
पांचवीं	--	इन सूं
छठी	--	इन को
सातवीं	--	इन मैं, पर, ऊपर इ०

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम वो = वह

पहली	--	वै
तीसरी	ऊं नैं	उन्नै
दूसरी,चौथी	ऊं कूं	उन कूं
पांचवीं	--	उन सूं
छठी	--	उन को
सातवीं	--	उन मैं, पर इ०

(ङ) सापेक्ष सर्वनाम जो = जो

तीसरी	जीं नैं	जिन्नै
दूसरी, चौथी	जीं कूं	जिन कूं
पांचवीं	--	जिन सूं
छठी	--	जिन को
सातवीं	--	जिन मैं इ०

(च) प्रश्नवाचक सर्वनाम कुण = कौन

तीसरी	कुण नैं	कुण नैं
दूसरी, चौथी	कुण कूं	कुण कूं

